an>

Title: Need to frame law to avoid the fatal accidents caused by borewell digging.

प्रो.चिंतामणि मालवीय (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे लोक महत्व के अति संवेदनशील और मानवीय मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : केवल श्री चिन्तामणि मालवीय जी की ही बात रिकार्ड में जायेगी।

…(*Interruptions*)*

प्रो.चिंतामणि मालवीय : अध्यक्ष महोदया, आये दिन समाचार-पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि किसी बोरवेल के गड्ढे में कोई बच्चा गिर गया। यह घटना टीवी पर चौबीसों घंटे चलती रहती है। …(व्यवधान) सारा प्रशासन, सरकारी मशीनरी और यहां तक कि कई बार सेना को भी बुलाकर उस बच्चे को निकालने के प्रयास किये जाते हैं। आज ऐसी बहुत सारी घटनाएं होने लगी हैं और 99 प्रतिशत मामलों में …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, यह बहुत संवेदनशील विषय है। ऐसे 99 प्रतिशत मामलों में वह बच्चा जिंदा नहीं निकल पाता। …(व्यवधान) पूरे देश में इस तरह की कोई गाइडलाइन नहीं है, कोई सख्त कानून नहीं है। मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि ऐसे गंभीर विषय पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, नियम बनने चाहिए, गाइडलाइन बननी चाहिए और कोई सख्त कानून भी होना चाहिए। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, ये घटनाएं बहुत आम हो गयी हैं और ऐसे मौत के कुंए स्थान-स्थान पर बिखरे पड़े हैं। वे तब प्रकाश में आते हैं जब कोई बच्चा उनमें गिर जाता है, जब कोई मां बिलखती है, जब पूरा परिवार बिलखता है। उस परिवार की हम मनःस्थिति समझ सकते हैं कि कैसे यह वातावरण उस समय रहा होगा।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से पुनः निवेदन करना चाहता हूं कि इस विषय पर कोई गाइडलाइन जारी होनी चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री आलोक संजर,

श्री सी.पी. जोशी,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल,

श्री सुधीर गुप्ता और

श्री रोड़मल नागर को प्रो.चिंतामणि मालवीय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Let me complete the list. I will be allowing Supriya Sule Ji also. Please take your seat.

Shri P. Srinivasa Reddy – he is not present here.